हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 15 मार्च 2026

06 नपा के सर्वाधिक प्रकरण निराकृत...



09 जनजागरुकता पर जोर, उत्कृष्ट कार्य वाली...





## खबर संक्षेप

### मां कर्मा देवी जयंती पर शोभायात्रा आज

**विदिशा।** साहू समाज की आराध्य देवी माता कर्मा देवी जयंती के अवसर पर रविवार को विदिशा में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रवक्ता नरेश राज साहू ने बताया कि दोपहर 12 बजे साहू समाज धर्मशाला, श्रीराम नगर चौराहा बरईपुरा से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें समाजजन माता के जयकारों के साथ नगर भ्रमण करेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे धर्मशाला परिसर में आमसभा, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह होगा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश साहू, कोषाध्यक्ष अनिल साहू सहित समाज के कई पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन आज

**विदिशा।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर रविवार को कुरवाई में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन दोपहर 12 बजे आजीविका भवन, वीआरसी कार्यालय के पास होगा। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, योजनाओं और सेवाओं की जानकारी देंगे। साथ ही विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिससे उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें। उन्होंने आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### सनोटी में सड़क निर्माण तेज, ग्रामीणों को राहत

**विदिशा।** विकासखंड सिरोंज के ग्राम सनोटी में क्षतिग्रस्त सड़क के पुनर्स्थापन का कार्य तेजी से जारी है। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही परेशानी को देखते हुए प्रशासन द्वारा सड़क की मरम्मत और सुधार कार्य शुरू कराया गया है। कार्य के अंतर्गत मार्ग का समतलीकरण, गड्ढों की भराई और आवश्यक निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, ताकि सड़क मजबूत और सुरक्षित बन सके। ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण विशेषकर बरसात में आवागमन में भारी दिक्कत होती थी। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद सनोटी सहित आसपास के गांवों के लोगों को बेहतर और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

### श्रवण बाधितों के लिए प्रशिक्षण शुरू

**विदिशा।** न्याय तक समावेशी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रवण बाधित पेशेवरों और सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर्स के लिए भारत का पहला 40 घंटे का भौतिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम इंदौर में प्रारंभ किया गया है। 5 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर के सहयोग से तथा उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मप्र उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति विजय कुमार शुक्ला ने किया।

## सख्ती शुरू की, रात में जांच पड़ताल कर रही पुलिस और अफसर

# रेत खदानों के ठेके निरस्त, निगरानी बढ़ाई ग्राम स्तर के अमले को कार्रवाई के निर्देश

*जिले के सभी रेत खदानों के ठेके निरस्त कर दिए गए हैं। खदानों से रेत निकालने पर अब सख्ती की जा रही है। अधिकारियों को मॉनिटरिंग के निर्देश भी जारी किए गए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। कुरवाई के ग्राम नावकुंड में रेत उत्खनन की शिकायत पर छापामार कार्रवाई करते हुई पुलिस की टीम।

जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारियों द्वारा अवैध तरीके से निकाली जा रही रेत को लेकर कार्रवाई भी शुरू कर दी है। इसके अलावा खनिज शाखा द्वारा सभी तहसीलों और ग्राम स्तर के अधिकारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया है।

द स्टेट माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल के आदेश के तहत विदिशा जिले की स्वीकृत रेत खदानों के ठेके निरस्त कर दिए गए हैं। इसके बाद जिले में रेत के उत्खनन, परिवहन और भण्डारण की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता बताई गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान स्थिति में किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनिज शाखा विदिशा के अनुसार अवैध उत्खनन की रोकथाम के लिए मैदानी अमला सीमित है, इसलिए सभी तहसीलों के राजस्व अमले, ग्राम स्तर के कर्मचारियों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि यदि किसी नदी, नाले या अन्य स्थान पर रेत अथवा काली बजरी का अवैध उत्खनन, परिवहन या भण्डारण होता हुआ पाया जाए तो तुरंत उसे रोकने की कार्रवाई करें और इसकी सूचना खनिज शाखा कार्यालय को दें। प्रशासन ने बताया कि अवैध रेत खनन से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है और शासन को राजस्व की हानि भी होती है। इसलिए इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसको लेकर अब प्रशासनिक अधिकारी भी सख्त नजर आ रहे हैं और कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### नाऊकुंड गांव में 20 ड्रम, 10 पाइप जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

विदिशा जिले में अवैध खनिज उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में कुरवाई एसडीएम मनीष जैन एवं खनिज निरीक्षक की टीम ने तहसील कुरवाई के ग्राम नाऊकुंड में रेत उत्खनन की शिकायत पर छापामार कार्रवाई की। 13 और 14 मार्च की रात में की गई इस कार्रवाई के दौरान अवैध रेत उत्खनन में उपयोग किए जा रहे उपकरण जब्त किए गए। टीम ने मौके से रेत उत्खनन में प्रयुक्त 20 ड्रम एवं 10 पाइप जप्त किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इस प्रकार की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए और शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए।


## सागर व अशोकनगर रोड पर जांच अभियान चला

# 14 वाहनों के चालान बनाकर 2.78 लाख वसूले, 40 सीटर बस में बैठी थीं 100 सवारियां




विदिशा। टूरिस्ट बस के अंदर सवारियां देखाकर आरटीओ भी हैरान रह गए।

**टूरिस्ट बस में बैठीं थी क्षमता से दोगुना से अधिक सवारियां, 20 हजार रुपए का चालान बनाया।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आरटीओ अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने शनिवार को सागर रोड और अशोकनगर रोड पर वाहनों की जांच की। जांच में 14 वाहन मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए मिले। जिनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। विभाग द्वारा 10 वाहनों से शमन शुल्क के रूप में 1 लाख 72 हजार 200 रुपए तथा मोटरयान कर के रूप में 1 लाख 6 हजार 153 रुपए वसूल किए गए। इस प्रकार कुल 2 लाख 78 हजार 353 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। 4 वाहनों को जब्त किया गया। विभाग के अनुसार इन वाहनों से लगभग 2 लाख रुपए अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। चेकिंग के दौरान यात्री वाहनों और डंपरों की विशेष रूप से जांच की गई। इसी दौरान उत्तरप्रदेश से गुजरात जा रही एक ऑल इंडिया टूरिस्ट बस में 40 सीट क्षमता के विरुद्ध 100 यात्री बैठे पाए गए, जिस पर 20 हजार रुपए का चालान किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

### मसीही धर्म पर एक दृष्टि विषय पर व्याख्यान आज

**विदिशा।** गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल के तत्वावधान में प्रतिमाह आयोजित सर्वधर्म समभाव व्याख्यानमाला रविवार दोपहर 12 बजे को मां हॉस्पिटल श्रीरामनगर में होगी। जिसमें मुख्य वक्ता, सेंट मेरी चर्च के फादर सिन्टो वर्गिस तथा फादर सीजो रहेंगे। व्याख्यान का विषय है मसीही धर्म पर एक दृष्टि। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न संप्रदायों के विद्वान मतावलंबियों द्वारा गांधी विचारधारा की रोशनी में अपने विचार प्रकट करना है। गांधी सुमिरन मंच एवं सर्वोदय मंडल के प्रणेता डॉ सुरेश गर्ग, वरिष्ठ साहित्यकर तथा आयोजन समिति अध्यक्ष सुलखान सिंह हाड़ा एवं सर्वोदय मंडल अध्यक्ष प्रो अरविंद द्विवेदी मौजूद रहेंगे।

## नंदवाना में ब्राह्मणों को वितरित किया 'श्री शिव पंचांगम विदिशा'



**विदिशा।** शनिवार को नंदवाना स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में श्री शिव पंचांगम विदिशा' का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ब्राह्मणों एवं पौरोहित्य कर्म से जुड़े पंडितों को पंचांग प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. विष्णुप्रसाद शास्त्री ने की। मुख्य अतिथि के रूप में गैरतगंज के दिनेश कुमार शास्त्री उपस्थित रहे। संचालन सतीश व्यास ने किया। इस अवसर पर बृजमोहन शास्त्री, संतोष शास्त्री, विनोद व्यास, सूर्यप्रकाश शास्त्री सहित अन्य विद्वानों ने स्थानीय पंचांग के महत्व पर विचार रखे। पंचांग संपादक मनोज व्यास ने सभी का आभार माना।

## पुलिसकर्मी ने महिला पर उठाया हाथ, दंपती से मारपीट का वीडियो वायरल, टीआई बोले: साधारण धक्का-मुक्की हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मुरवास थाना क्षेत्र में पुलिसकर्मियों द्वारा एक दंपत्ति के साथ मारपीट का वीडियो सामने आया है।

एक पुलिसकर्मी महिला को मारते हुए नजर आ रहा है। पीड़ित पति का आरोप है कि वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ ससुराल जा रहा था। रास्ते में उनकी गाड़ी का डीजल खत्म हो गया, जिसके कारण वे सड़क किनारे खड़े थे। पति का कहना है कि इसी दौरान पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। वीडियो में महिला पुलिसकर्मियों को रोकने की कोशिश करती दिख रही है, तभी आरक्षक ने उन पर हाथ उठा दिया। मारपीट करने वाले आरक्षक का नाम प्रिंस बताया जा रहा है।

मुरवास थाना प्रभारी लक्ष्मण डाबर का कहना है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा है। पुलिस टीम जब उसे पकड़कर थाने ला रही थी, तभी बीच-बचाव के दौरान महिला के साथ धक्का-मुक्की हो गई।

वीडियो में पुलिसकर्मी की हरकत साफ तौर पर नजर आने के बाद स्थानीय लोगों में भी नाराजगी है। प्रशासनिक स्तर पर वीडियो की सत्यता और घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की जा सकती है।

## दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूकता जरूरी: डॉ चरण

### मेडिकल कॉलेज में हुई कार्यशाला नवजात स्क्रीनिंग व आनुवंशिक जांच पर विशेषज्ञों ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम, समय पर पहचान और उपचार को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में कार्यशाला हुई। यह कार्यक्रम एम्स भोपाल, मेडिकल कॉलेज विदिशा, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) विदिशा और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार के संचालक डॉ बी.एस. चरण ने कहा कि दुर्लभ बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों के मरीज कम होने के



कारण फार्मा कंपनियां दवाओं के विकास में कम रुचि लेती हैं, जिससे उपचार महंगा और सीमित हो जाता है। मेडिकल कॉलेज विदिशा के शिशु रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ नीति अग्रवाल ने बताया कि जिले में दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम और उपचार के लिए एम्स भोपाल को एक्सीलेंस सेंटर बनाया गया है। इससे जिले के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं की जन्म के तुरंत बाद स्क्रीनिंग संभव हो सकेगी और समय पर बीमारी का पता लगाकर इलाज शुरू किया जा सकेगा। एम्स भोपाल की जेनेटिक रोग प्रभारी डॉ भावना ढींगरा ने बताया कि दुनिया में लगभग 7 से 8 हजार दुर्लभ बीमारियां पाई जाती हैं। इनमें से अधिकांश बीमारियां आनुवंशिक कारणों से होती हैं।

प्रदेश के पूर्व आईएमए अध्यक्ष एवं केंद्रीय आईएपी बोर्ड सदस्य डॉ एमके जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 80 प्रतिशत दुर्लभ बीमारियां आनुवंशिक होती हैं और करीब 95 प्रतिशत बीमारियों का अभी प्रभावी इलाज उपलब्ध नहीं है। इसलिए समय पर सही निदान और प्रबंधन बेहद महत्वपूर्ण है।

### मस्जिदों में अलग अलग समय पर अता की जाएगी नमाज

**विदिशा।** ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर शहर की मस्जिदों और ईदगाह में नमाज के समय घोषित कर दिए गए हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बाबलू ने बताया कि सभी नमाजी निर्धारित समय पर पहुंचकर नमाज अदा करें। ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज होगी। जामा मस्जिद, मुगलटोला और नूरी रायसेन गेट में 8:15 बजे, झूलनपीर व मदीना मस्जिद में 8:30 बजे, मदनी गुंथन में 8:45 बजे तथा सब्जी फरोशान में 9 बजे नमाज अदा की जाएगी। शिया समाज की नमाज इमामबाड़ा में 10 बजे और बोहरा समाज की नमाज 20 तारीख को सुबह 6:30 बजे होगी। उन्होंने शांति व भाईचारे के साथ ईद मनाने की अपील की।

## तीन आदतन अपराधियों को कलेक्टर ने जिलाबदर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- आदेश का उल्लंघन करने पर आरोपियों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई।

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंशुल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक के पालन प्रतिवेदन के आधार पर तीन आदतन अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की है।

जारी आदेश के अनुसार गंगाराम उर्फ राजवीर पिता गनपत सिंह यादव (24) निवासी मोहनगिरि टावर के पास विदिशा तथा नीरज अहिरवार पिता खिलान सिंह अहिरवार (30) निवासी कागदीपुरा थाना कोतवाली विदिशा को तीन-तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। वहीं सौरभ यादव पुत्र श्रीकृष्ण यादव निवासी सागर पुलिया थाना सिविल लाइन विदिशा को छह माह के लिए निष्कासित किया गया है।

आदेश के तहत तीनों आरोपियों को विदिशा जिले सहित रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर और राजगढ़ जिलों की राजस्व सीमाओं से निर्धारित अवधि तक बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## लोक अदालत में 12 मामलों का आपसी समझौते से निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

न्यायालय परिसर में आज लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकरणों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित निराकरण किया गया। इस दौरान कुल 12 मामलों का समझौते के माध्यम से निपटारा किया गया, जिससे पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिली।

ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास निशा कुरील की अदालत में प्रस्तुत 10 आरसीटी प्रकरणों में से 8 का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त नीगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत



चेक बाउंस के 2 मामलों का भी आपसी समझौते से समाधान कराया गया। वहीं एक अन्य सिविल प्रकरण का भी राजीनामे के आधार पर निपटारा किया गया।

लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निपटान की एक प्रभावी व्यवस्था है, जहां पक्षकार आपसी सहमति से विवाद समाप्त कर सकते हैं। इससे न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ कम होता है।

## ऑडिटोरियम में समिति प्रबंधकों, कम्प्यूटर ऑपरेटरों व गुणवत्ता नियंत्रकों को उपार्जन प्रक्रिया की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

समर्थन मूल्य पर रबी सीजन की गेहूं खरीदी कार्य को सुचारु, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने प्रबंधकों, कम्प्यूटर ऑपरेटरों तथा सर्वेयर को ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उपार्जन प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान पीसीएसएपी उपार्जन पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि की प्रक्रिया, गेहूं की गुणवत्ता परीक्षण की विधि, तौल व्यवस्था, भंडारण प्रबंधन तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप उपार्जन कार्य संपादित



करने के बारे में बताया गया। एफसीआई के प्रबंधक गुणवत्ता आशीष घावरी ने गेहूं की गुणवत्ता जांच से जुड़े मानकों और प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला, जबकि जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय और आशा अग्रवाल, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम ने उपार्जन व्यवस्था को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए निर्देश दिए। अधिकारियों ने प्रशिक्षण में उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन कार्य के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दें तथा सभी प्रक्रियाओं का पालन पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ करें। कार्यक्रम में नरेंद्र ठाकुर, जिला प्रबंधक एमपी स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन, जिला सहकारी बैंक से विधि मैडम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं गुणवत्ता नियंत्रक शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य उपार्जन व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाना तथा किसानों को समय पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना बताया गया।

### सड़क हादसे में एक युवक की हुई मौत

**शमशाबाद।** विदिशा रोड स्थित पेट्रोल टैंक के पास शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में 18 वर्षीय



सानिध्य चौकसे की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सानिध्य चौकसे किसी काम से महानीम चौराहा से बाइक से शमशाबाद लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रोशनी के कारण उन्हें सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली दिखाई नहीं दी और उनकी बाइक उससे टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मातम छा गया है। सफेद लाइट के कारण हादसा हुआ।

## खबर संक्षेप

### रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट का होली मिलन आज

**गंजबासौदा।** श्री रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा रंगपंचमी और होली उत्सव के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को दोपहर 3 बजे बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित किया गया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकृष्ण रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर समाज के सभी स्वजातीय बंधु एकत्रित होकर होली और रंगपंचमी का पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाएंगे। समारोह में आपसी प्रेम और भाईचारे के प्रतीक के रूप में सभी को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी जाएंगी। वही समाज के उत्थान, विकास एकता को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की जाएगी। उन्होंने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### पेंशनर एसोसिएशन का होली मिलन 16 को

**गंजबासौदा।** ऑल प्रगतिशील पेन्शनर वैल फेयर एशोसियसन के प्रान्ताध्यक्ष सुधीर दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 16 मार्च को सुबह 11 बजे पेन्शनर एन्जाय ग्रुप के सहयोग से होली मिलन समारोह नौलखी रोड बांकडे हनुमान मंदिर के सामने आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी होंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव करेंगी। कार्यक्रम में पेन्शनरों की ज्वलन्त समस्याओं पर भी विचार होगा। पेंशनर प्रतिनिधि जगदीप सिंह राजपूत, रविशंकर लोहिया, अब्दुल बहाव सिद्दीकि, राजकुमार पाराशर, कैलाश नामदेव, जयराम अहिरवार, द्वारका चौरसिया, ओपी दुबे, सलीम अहमद मंसूरी ने सभी पेन्शनर्स से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### ईदुल फितर की नमाज का समय तय हुआ

**गंजबासौदा।** जामा मस्जिद में ईदुल फितर की नमाज का समय तय करने के लिए सभी मस्जिदों के जुम्मेदारनों एवं जामा मस्जिद इन्तेजामिया कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन आमिर आलीम सा की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में ईदुल फितर की नमाज का समय एवं स्थान तय किये गये। ईद का चाँद दिखाई देने पर ईद की नमाज ईदगाह पर सुबह 7:30 बजे एवं नूरानी मस्जिद में 8 बजे एवं मकबरा शरीफ वाली मस्जिद में 8:15 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। उक्त जानकारी हाजी हनीफ फजलानी ने विज्ञप्ति जारी कर दी।

### यादव समाज का होली मिलन आज

**गंजबासौदा।** यादव समाज सेवा समिति ने बताया कि समिति का द्वितीय स्थापना दिवस एवं होली मिलन समारोह रविवार को त्योंदा रोड पुराना बस स्टैंड स्थित यादव समाज धर्मशाला में शाम 4 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें यादव समाज बंधुओं से शामिल होने की अपील की गई है।

# महाराणा प्रताप राजपूत समिति ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शनिवार को श्री महाराणा प्रताप राजपूत समिति ने पुलिस अधीक्षक के नाम एसडीओपी शिखा भलावी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें सविता राजपूत की हत्या के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 11 मार्च को करारिया थाना क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सविता राजपूत का गला घोंटकर निर्मम हत्या कर दी गई। यह घटना अत्यन्त दुखद एवं निंदनीय है। जिससे राजपूत समाज में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार उक्त महिला अपने किराएदार की साली की शादी में करारिया थाना क्षेत्र के ग्राम कोटरा में गई थी। शादी के बाद जब उनके पुत्र द्वारा फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। बाद में करारिया पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि महिला का शव बरामद हुआ है। इस जघन्य घटना से पीड़ित परिवार एवं राजपूत समाज में गहरा आक्रोश है समाज के लोंगों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किया गया और प्रशासन से दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई है। सौंपे गए ज्ञापन में राजपूत समाज ने महिला के हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने एवं पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता एवं सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपने वालों में ठाकुर प्रवीण प्रताप सिंह, प्रमोद सिंह राजपूत, वीरेंद्र सिंह राजपूत, देवेंद्र सिंह, सीबी सिंह गौतम, अमान सिंह राजपूत, शैलेन्द्र राठौर, धीरेन्द्र सिंह, प्रेम सिंह तोमर, सतनाम सिंह, अखिलेश सिंह, संतोष चौहान, चंद्रभान सिंह, देवेंद्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, निखिल सिकरवार, गोलू राजपूत सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

# नगर में श्रीराम नवमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य आयोजन होंगे। 27 मार्च को विशाल शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सभी वर्गों और धार्मिक, सामाजिक संगठनों सहित अन्य संगठनों के साथ-साथ सनातन प्रेमी, श्रद्धालु शामिल रहेंगे। रघुकुल युवा परिषद और श्रीराम जन्मोत्सव समिति के कार्यकर्ता नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर श्रद्धालुओं को रामनवमी के चल समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इस वर्ष के चल समारोह में रामनवमी पर भगवान राम के आराध्य काशी विश्वनाथ से आ रहे कलाकारों की झांकी और गंगा आरती की प्रस्तुति श्रद्धा और आस्था केंद्र बनेगी।

उल्लेखनीय है कि रघुकुल युवा परिषद और श्रीराम जन्मोत्सव समिति के द्वारा हर वर्ष नगर में धूमधाम के साथ भगवान श्री राम के जन्म उत्सव की झांकी और शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। आयोजन समिति के अनुसार इस वर्ष भी रामनवमी पर शोभायात्रा हनुमान मंदिर, त्योंदा रोड से शाम 4 बजे प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई रघुवंशी धर्मशाला, बरेठ रोड पहुंचेगी। समापन पर काशी की गंगा आरती से भगवान श्रीराम की महाआरती का समापन होगा। रघुकुल युवा परिषद के अध्यक्ष रोहित रघुवंशी ने बताया कि रामनवमी का यह आयोजन नगर की आस्था और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। चल समारोह में इस वर्ष शोभायात्रा में विशेष रूप से काशी विश्वनाथ की नगरी से आ रहे कलाकारों की झांकी और भव्य गंगा आरती श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इन झांकियों के माध्यम से काशी के आध्यात्मिक वातावरण और सनातन परंपरा की झलक देखने को मिलेगी, जिससे पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बनेगा। वहीं इससे पूर्व वर्ष श्रीराम जन्मोत्सव आयोजन की तैयारियों को लेकर सर्वसम्मति से समिति के नवीन अध्यक्ष का भी चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रविन्द्र रघुवंशी छीपनी को श्रीराम जन्मोत्सव समिति का नवीन अध्यक्ष बनाया गया। जिसके बाद सभी ने पुष्पहार पहनाकर उनका अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र रघुवंशी ने बताया कि शोभा यात्रा में बग्गी में सवार साधु-संतों की झांकियां, अयोध्या के रामलला की प्रतिमा, बाल रूप में भगवान श्रीराम के वेष में कलाकारों की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहेंगी। इसके अलावा विभिन्न कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। शोभायात्रा में विभिन्न ग्रामों की भजन मंडलियां, बैंड-बाजे और डीजे के साथ भक्तिमय वातावरण में चल समारोह निकाला जाएगा। इससे पूर्व स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में आयोजन समिति की ओर से भगवान सीताराम जी सहित सभी देव प्रतिमाओं को नए वस्त्र धारण कराए जाएंगे और विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर 56 भोग अर्पित किया जाएगा। मंदिर में दोपहर 12 बजे श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का उल्लास मनाएंगे। आयोजन समिति ने नगर और ग्रामीण क्षेत्र के सभी सनातन प्रेमियों, श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने एवं आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## नेशनल लोक अदालत में 1397 प्रकरण निराकृत, पौने दो करोड़ शुल्क प्राप्त

# नपा के सर्वाधिक प्रकरण निराकृत सबसे कम बैंक और दूरसंचार के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







शनिवार को रजौदा स्थित नवीन न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदलत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हरप्रसाद वंशकार अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति गंजबसौदा एवं राकेश कुमार ठाकुर प्रथम जिला न्यायाधीश, विमलेश मुडैया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, रावेन्द्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, आफरीन युसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा एवं अध्यक्ष अभिभाषक संघ अमानसिंह राजपूत, सचिव अभिभाषक संघ राजेश कुमार शर्मा , प्रदीप लाहोरी, राकेश अरोरा, अंशुमन सुहाने एडीपीओ, विक्रम राजपूत, उप महाप्रबंधक विद्युत विभाग, बैंक के शाखा प्रबंधक, नगरपालिका के अधिकारीगण व अन्य अधिवक्तागण सहित न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उक्त आयोजित लोक अदालत में बैंक प्रीलिटिगेशन के 2000 प्रकरण रखे गये थे। जिसमें से 10 प्रकरण निराकृत हुए एवं दो लाख चौदह हजार सात सौ रूपए की समझौता राशि प्राप्त हुई। विद्युत प्रीलिटिगेशन के 2000 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें से 196 प्रकरण निराकृत हुये और तेईस लाख उनासी हजार रूपये की समझौता राशि प्राप्त हुई। नगर पालिका के 2300 प्रकरण रखे गये थे। जिसमें से 900 प्रकरण निराकृत हुये और पन्द्रह लाख इकहत्तर हजार दो सौ चालीस रूपये की समझौता राशि प्राप्त हुई। दूरसंचार विभाग के 300 प्रकरण रखे गये जिसमें 10 प्रकरण निराकृत हुए एवं अठहत्तर हजार रूपए की समझौता राशि प्राप्त हुई। न्यायालय की विभिन्न खंडपीठों में कुल 632 प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखे गये थे, जिसमें से 281 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें कुल एक करोड सैंतालीस लाख इक्कीस हजार चार सौ सड़सठ रूपए की राशि प्राप्त हुई। आयोजित नेशनल लोक अदालत में वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद से संबंधित 63 मामलों का निराकरण किया गया। इस तरह नेशनल लोक अदालत में कुल रखे गये प्रकरण 8539 में से कुल 1397 प्रकरण निराकृत हुए तथा समझौता राशि 18964407 एक करोड़ नवासी लाख चौसठ हजार चार सौ सात रूपए प्राप्त हुई एवं कुल 1736 पक्षकार लाभान्वित हुए।

## पालकी में सवार होकर आएंगी मां जगदम्बे



**गंजबासौदा।** चैत्र नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए श्री शीतला शन्तिधाम मंदिर पर तैयारी जोरों से चल रही हैं। चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 19 मार्च, दिन गुरुवार से हो रहा है। इस दिन से मां शक्ति की साधना एवं उपासना शुरु हो जाएगी। इस बार माँ अम्बे का आगमन पालकी से हो रहा है। माँ दुर्गा का मूल वाहन सिंह है लेकिन नवरात्र में उनका आगमन अलग अलग वाहनों पर माना जाता है। यदि रवि या सोम से शुरू हो तो हाथी पर आती हैं एवं शनि या मंगल हो तो उनका वाहन अश्व होता है, बुध या शुक्र होने पर माता नौका पर एवं गुरुवार को प्रारंभ होने पर पालकी पर सवार होकर आती हैं। इस नवरात्र पर पालकी में आगमन शुभ एवं समृद्धि कारक माना जा रहा है। श्री शीतला शक्ति धाम समिति प्रवक्ता राजीव सम्सैना ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च गुरुवार को घटस्थापना के साथ नवरात्र का शुभारंभ होगा। 23 मार्च सोमवार पंचमी को रात्रि 12 बजे महा आरती, 24 मार्च मंगलवार भैरव छट को रात्रि 12 बजे भैरव आरती एवं 26 मार्च गुरुवार को महाआरमती रात्रि 8 बजे एवं 27 मार्च शुक्रवार को हवन पूर्णाहुति विशाल कन्या भोज एवं महाप्रसाद हलुआ का वितरण के साथ नवरात्रि का समापन होगा।

# विद्युत कंपनी द्वारा भेजे गए नोटिस देखकर भड़के ग्रामीण, किया कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा क्षेत्र में बिजली कंपनी द्वारा कथित रूप से बनाए गए झूठे प्रकरणों को लेकर ग्रामीणों और किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार को 10 से 15 किसान विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचे। अधिकारियों के सामने विरोध जताया। हंगामा किया। उपभोक्ताओं को इसका पता तब चला जब शनिवार को होने वाली लोक अदालत में मामले का निराकरण कराने के लिए नोटिस दिए गए। किसानों का आरोप है कि बिना कनेक्शन लिए, बिना बिजली चोरी किए, उनके नाम पर प्रकरण बनाकर नोटिस थमा दिए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा बनाए गए इन प्रकरणों से गांव के लोग और किसान परेशान हो रहे हैं। किसानों ने जेई उपदेश यादव से मिलकर पूछा कि जब उन्होंने न तो बिजली चोरी की, न ही विभाग से कनेक्शन लिया, तो उनके नाम पर प्रकरण कैसे बना दिए गए। उन्हें लोक अदालत मेंजाकर निराकरण कराने के नोटिस भी दिए जा रहे हैं। किसान रामू कुशवाहा ने बताया कि उन्हें 37 हजार 881 रुपए का नोटिस दिया गया है, जबकि उन्होंने न तो कनेक्शन लिया, न ही कहीं से अवैध बिजली का उपयोग किया। किसानों ने इस मामले का समाधान करने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि झूठे प्रकरण वापस नहीं लिए गए, तो वे आगे भी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

वहीं त्योंदा क्षेत्र के जेई उपदेश यादव ने बताया कि इस तरह के विद्युत चोरी के प्रकरण विजिलेंस टीम द्वारा जांच के दौरान पंचनामा बनाकर दर्ज किए जाते हैं। कई बार इसकी जानकारी स्थानीय अधिकारियों को पहले से नहीं होती।

## मुख्य मार्ग के अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**गंजबासौदा।** शहर के मुख्य मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ गत दिवस नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। जय स्तंभ से सावरकर चौक तक सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को हटाने नपा का अतिक्रमण दस्ता पुलिस बल के साथ पहुंचा। कार्रवाई की शुरुआत मटका दुकानों से हुई। अतिक्रमण दस्ता प्रभारी वरुणेंद्र चौबे ने बताया कि एक दिन पहले तहसीलदार की अगुवाई में दुकानदारों को साफ चेतावनी दी गई थी और उन्हें सड़क और फुटपाथ पर रखा सामान खुद हटाने को कहा गया था। इसके बाद भी कई दुकानदारों ने निर्देश नहीं माने, जिस पर प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी। टीम ने पहले जय स्तंभ क्षेत्र में सड़क किनारे रखे मटके, स्टैंड, अन्य सामान हटवाया। फिर आगे बढ़कर दूसरी दुकानों के सामने रखा सामान भी हटाया गया। कार्रवाई शुरू होते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई लोग जल्दबाजी में सामान समेटते दिखे। नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार सड़क किनारे अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। पैदल चलने वालों को रास्ता नहीं मिल रहा था। कई बार एम्बुलेंस को खड़ी होने में भी दिक्कत आती थी। प्रशासन ने कहा कि शहर के प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि दोबारा सड़क या फुटपाथ पर सामान रखा तो सामान जब्त करने के साथ ही दुकानदारों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**शतरंज प्रतियोगिता, बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किए**

# सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय के महिला स्टॉफ का उत्कृष्ट प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी संभाग स्तरीय महिला, पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में आयोजित किया गया। जिसमें सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय की महिला अधिकारियों द्वारा विभिन्न खेल विधाओं में जिले का प्रतिनिधित्व किया गया एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित की गईं। संभाग स्तर प्रतियोगिता में शतरंज, टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें शतरंज प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रजापति द्वारा शतरंज में सभी प्रतिद्वंदियों को प्रत्येक राउंड में हराकर रैंकिंग में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये। द्वितीय स्थान डॉक्टर अपेक्षा बाजपेई सहायक प्राध्यापक द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अर्जित किया गया एवं चतुर्थ स्थान कृतिका प्रकाश सहायक प्राध्यापक ने प्राप्त किया। वहीं टेबल टेनिस प्रतियोगिता में डॉ. प्रद्न्या करंदीकर क्रीड़ा अधिकारी द्वारा भोपाल संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। डॉ. अनामिका, डॉ. प्रद्न्या एवं कृतिका द्वारा बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी सहभागिता की गई। बैडमिंटन प्रतियोगिता में डॉ. अनामिका ने सेमी फाइनल तक पहुंचकर खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया। महाविद्यालयीन स्टॉफ द्वारा इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं।

# घूंघट की ओट में हल किया पर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड के सामाजिक चेतना केंद्रों पर अ साक्षर को साक्षर बनाने परीक्षाओं का आयोजन किया गया। बीईओ परता अहिरवार व विकास खंड समन्वयक बृजेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया पूरे देश मे यह अभियान चल रहा है। इसके अंतर्गत हम सबको मिलकर 2027 तक संपूर्ण भारत को साक्षर भारत बनाना है। इस अवसर पर केंद्रों पर बहुओं ने अपनी सास के साथ तो, कहीं दादी और नानी ने भी साक्षर बनने का पर्चा हल किया। विकास खंड साक्षरता समन्वयक अफजल हुसैन रिजवी ने बताया विकास खंड में सितंबर 2025 मे 289 केंद्रों पर 5220 लोगों ने परीक्षाओं में भाग लिया था। इस बार हमारी कोशिश रहेगी हम अधिक से अधिक लोगों को परीक्षाओं में बैठा सकें, ताकि विकासखंड सबसे पहले साक्षर घोषित हो सके। साक्षरता कार्यक्रम, शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2022 - 2027 के लिए शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 15 वर्ष से अधिक उम्र के उन व्यक्तियों को साक्षर बनाने पर केंद्रित है जो औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए हैं, जिसका मुख्य लक्ष्य बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मकता और महत्वपूर्ण जीवन कौशल प्रदान करना है।

उल्लास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के असाक्षर वयस्कों को साक्षर बनाना है। यह कार्यक्रम स्वयंसेवा के माध्यम से चलता है, जहाँ स्वयंसेवी शिक्षक 10 या अधिक असाक्षरों को पढ़ाते हैं। यह योजना 'जन-जन साक्षर' के नारे के साथ, भारत में डिजिटल और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने और लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है।

## रक्त सेवा समिति का कार्यक्रम आज




**गंजबासौदा।** रक्त सेवा समिति द्वारा समिति के रजत जयंती वर्ष में रक्तदान एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्ति का सम्मान समारोह मातृशक्ति प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन डॉल्फिन स्कूल सभागृह में रविवार को दोपहर 1.30 बजे से किया जा रहा है। जिसमें गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण एवं मातृशक्ति से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील रक्त सेवा समिति द्वारा की गई है। इस कार्यक्रम के प्रायोजक सुदेश सुरेश अरोरा, अदिति धीरज अरोरा और मनाली उमंग अरोरा हैं।

### ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण बरेज में संपन्न

# जनजागरूकता पर जोर, उत्कृष्ट कार्य वाली समितियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्फुटन ग्राम बरेज में आयोजित किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बमोरीसाला सेक्टर की नवांकुर संस्था सर्वधर्म जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा समिति सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पथरिया मंडल महामंत्री शिवराज सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि भगवत सिंह राजपूत तथा पीएम श्री विद्यालय के प्राचार्य संतोष जैन ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था प्रमुख प्रमोद रघुवंशी ने किया, जबकि आभार चाठोली प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष संजीव दांगी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात प्रमोद रघुवंशी ने जन अभियान परिषद की अवधारणा और उसके उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए परिषद द्वारा समाज में किए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी।

#### समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का किया जा रहा कार्य

इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिवराज सिंह रघुवंशी ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अपने नाम के अनुरूप समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि परिषद द्वारा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण,स्वदेशी को बढ़ावा देने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य लगातार किए जा रहे हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। विशेष अतिथि सरपंच प्रतिनिधि भगवत सिंह राजपूत ने कहा कि गांवों में परिषद के माध्यम से कई रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। जल संरक्षण को लेकर पदयात्रा, नदी में बोरिबंधान तथा सामूहिक श्रमदान जैसे कार्यों ने ग्रामीणों में जागरूकता और सहभागिता की भावना को मजबूत किया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम चार अलग-अलग सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें समितियों को दस्तावेजीकरण, कार्यों के प्रस्तुतीकरण और संगठनात्मक क्षमता को मजबूत करने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रस्फुटन समितियों को प्रमाण पत्र और पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

# न हम हारे, न तुम जीते की तर्ज पर लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति से मामले सुलझे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



शनिवार को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे,वरिष्ठ अधिवक्ता अवध नारायण श्रीवास्तव एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी श्रीमती मोना शुक्ला,न्यायाधीश अधिकारी श्रीमती अंकित जैन द्वारा महापुरुषों के चित्र पर माल्या अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। वही ना हम हरे और ना तुम जीते की तर्ज पर इस नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों की आपसी सहमति से कई मामलों का निराकरण किया गया।

सर्वाधिक मामले विद्युत मंडल के निराकृत किए गए। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय पांडे एवं अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एवं अवध नारायण श्रीवास्तव,एडवोकेट अशोक शर्मा ने नेशनल लोक अदालत के शिविर में पहुंचे। जहां पक्षकारों को हो रही समस्या का मौके पर निराकरण किया गया। इस मौके पर बरसों से चल रहे प्रकरणों में पक्षकारों को अभिभाषक संघ के मीडिया प्रभारी अशोक शर्मा एवं न्यायाधीश विजय कुमार पांडे द्वारा पौधे भेंट किए गए। न्यायालय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे के न्यायालय में विद्युत मंडल शहरी एवं ग्रामीण के लगभग 200 मामलों का निराकरण किया गया। जिसमें विद्युत मंडल को लगभग 15 लाख रुपए की आमदनी हुई तथा बैंकों के 30 मामलों में बैंक को पांच लाख सत्तर हजार रुपए की आमदनी हुई और अपराधिक तीन अपील के प्रकरण का राजीनामा के आधार पर निराकरण हुआ। नगर पालिका परिषद के जलकर एवं संपत्ति कर के 780 मामलों का निराकरण किया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद को 8,70 हजार रुपए की आमदनी हुई। न्यायालय दंडाधिकारी श्रीमती मोना शुक्ला के न्यायालय में बरसों से पति-पत्नी के बीच चल रहे 4 भरण पोषण के मामले चेक बाउंस 13 अपराधिक 6 मामले में पक्षकारों की आपसी सहमति से राजीनामा कराए गए एवं प्रकरणों का निराकरण किया गया। न्यायालय अधिकारी श्रीमती अंकित जैन के न्यायालय में 4 मामले चेक बाउंस के 15 अपराधिक मामले का निराकरण किया गया सभी मामलों में न्याय शुल्क की आज छूट रही एवं चेक बाउंस के मामले में परिवादी द्वारा प्रस्तुत नया

## विद्युत मंडल के दिए गए नोटिसों को निरस्त करने की मांग को लेकर कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामों के किसान पहुंचे लोक अदालत



सिरोंज। शनिवार को न्यायालय परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत में किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने दर्जनो ग्राम के किसानो के साथ लोक अदालत में पहुचकर किसानों की समस्याओं को लेकर अधिकारियो को अवगत कराया। इस मौके पर उन्होने कहा कि मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा सिरोंज तहसील के ग्राम बरखेड़ा ताल में 35,ग्राम ऊंनारसी में 10,ग्राम इमलानी में 30,ग्राम मुंडरा बागल में 30,ग्राम देहरी में 35 गरीब मजदूर वर्ग के निवासियों को नोटिस दिए जाकर 5 से 7 हजार के बीच के जुर्माने अधिरोपित किए गए हैं। उन्होने कहा कि इस समय जबकि किसान वर्ग और मजदूर वर्ग अपनी फसलों को समेटने में लगा हुआ है और कृषि कार्य में व्यस्त है। इस समय किसान कहां से रुपए लाकर इस जुर्माने को भरेगा ऐसा संकट इन परिवारों के सामने आकर खड़ा हो गया है और जिन व्यक्तियों को नोटिस दिए गए हैं उनके यहां बिजली विभाग का कोई भी मीटर नहीं लगा है न हीं कोई कनेक्शन बिजली विभाग के द्वारा स्वीकृत किया गया है। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल को तत्काल इस कार्रवाई को बंद करना चाहिए और दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए। वही उन्होने लोक अदालत में पीड़ति मजदूर वर्ग और किसानों के साथ विद्युत मंडल के अधिकारियों से चर्चा कर इन नोटों को तत्काल निरस्त करने की मांग की और यदि नोटिस निरस्त नहीं किए जाते हैं तो मंगलवार के दिन स्थानीय विद्युत मंडल के ऑफिस पर बैठकर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

# श्री महामाई मेले का ध्वजारोपण के साथ शुभारंभ



सिरोंज। नगर की प्रसिद्ध डांग वाली वीरपुर स्थित श्री महामाई माता मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महामाई मेले का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के प्रधान पुजारी नालिनीकांत शर्मा द्वारा ध्वज का पूजन-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। इसके पश्चात ध्वज को विधिवत नीचे लाकर मेला परिसर में लाया गया। यहां पूर्व ब्लॉक स्रोत समन्वयक ओमप्रकाश रघुवंशी के सुपुत्र आयुष रघुवंशी ने मुख्य यजमान प्रतिनिधि के रूप में स्थल पूजन कर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के साथ ही मेले का औपचारिक शुभारंभ हो गया और श्रद्धालुओं ने माता महामाई के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महामाई ट्रस्ट अध्यक्ष अमोल सिंह जाटव,रमेश यादव,संतोष चौरे,हरिबाबू भार्गव,कैलाश शर्मा,राजेंद्र गर्ग,सुमंत मित्तल,हमीर सिंह यादव,नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ,हरिचरण अहिरवार,सरसिज,चंद्र मोहन शर्मा,सर्वेश शर्मा,तरुण शर्मा,विशाल शर्मा,ललित चौरसिया,राकेश यादव,नरेंद्र पाटीदार सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम,मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने माता महामाई के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

### पार्षद राम दयाल के नेतृत्व में वार्डवासियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को सौंपा आवेदन

# बासौदा नाके से बलेजा पेट्रोल पंप तक डामरीकरण कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पार्षद राम दयाल विश्वकर्मा के नेतृत्व में दर्जनों वार्डवासियो ने तहसील कार्यालय पहुचकर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को एक आवेदन सौपते हुए बासौदा नाके से बलेजा पेट्रोल पंप तक डामरीकरण कराने की मांग की।

इस अवसर पर उन्होने कहा कि बासौदा नाके की पुलिया से लेकर बलेजा पेट्रोल पंप तक रोड की हालात अत्यंत खराब व धूल का अंबार लगा है जिस कारण आसपास निवास करने वाले नागरिको को अत्यंत पीडा का सामना करना पड रहा है। उक्त रोड से जब भी कोई वाहन निकलता है तो सड़क की धूल उडकर घरो व दुकानो में आ जाती है। जिस कारण बच्चों व बुजुर्गो को सांस लेने में भी परेशानी होती है। वार्डवासियो ने कहा कि सड़क की मांग को लेकर हम कई बार नपा को भी अवगत करा चुके है और हर बार नपा द्वारा आश्वसन दिया जाता है। लेकिन 3 साल बीत जाने के बाद भी सड़क पर डामरीकरण नही हुआ है। वही वार्डवासियो ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिवस के अंदर डामरीकरण नही कराया गया तो सभी नागरिक बैरीकेंटिग कर रोड को बंद करने के लिए मजबूर होगे। इस असुविधा के लिए संपूर्ण रूप से प्रशासन जिम्मेदार होगा।

### हवन और पूजन के होंगें कार्यक्रम

# देवी दुर्गा मंदिरों में चैत्र नवरात्रि महापर्व की तैयारियां हुई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

19 मार्च से चैत्र नवरात्रि पर्व शुरू हो रहा है। शक्ति की भक्ति आराधना, पूजन के लिए मंदिर समितियां सक्रिय हो गई है। संकट मोचन दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, शक्तिधाम मंदिर, खेरापति माता मंदिर, बाराही माता मंदिर के साथ ठाकुर कोलीपुरा में माँ काली की 51 खप्पड़ों के साथ स्थापना, हवन, पूजन, धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

खेरापति माता मंदिर सहित अन्य सभी देवी दुर्गा मंदिरों में नवरात्रि महापर्व मनाने की तैयारियां चल रही है। सफाई, प्रकाश की व्यवस्था के साथ दर्शनार्थियों जल अर्पण करने वालों की सुविधा व्यवस्था रहेगी। शक्ति धाम मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ नवरात्रि में 24 घंटों मातारानी का दरबार खुला रहेगा। थाने के पास काली मंदिर एवं दीन दयाल परिसर के सामने संकटमोचन दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्रि में धार्मिक कार्यक्रम होगें।




#### 51 खप्पड़ों के साथ माँ काली की स्थापना-

शारदीय एवं चैत्र की नवरात्रि में पुरानी वस्ती के ठाकुर कोलीपुरा में 51 खप्पड़ों के साथ महाकाली की प्रतिमा स्थापना और शाक्ति की भक्ति आराधना की परंपरा बनी हुई है। इस नवरात्रि में प्रतिदिन सतचंडी का मूल पाठ एवं 7 पंडितों द्वारा रुद्राभिषेक, हवन, जस, भजन, आरती इत्यादि कार्यक्रम की श्रृंखला बनी रहेगी। नगर के अन्य दुर्गा मंदिरों में भी नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारियां चल रही है।

# बाड़ी और बरेली के क्षेत्र में हरी सब्जी का हो रहा भरपूर उत्पादन

### देश-प्रदेश की मंडियों में जा रहा क्षेत्र का टमाटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



नगर एवं नर्मदा क्षेत्र की बाड़ी-बरेली तहसीलों के दर्जनों ग्रामों में हरी सब्जियों की व्यापक खेती और वर्तमान में भारी उत्पादन होने से सब्जियों के दामों में आई गिरावट से ग्रहणियाँ और आम उपभोक्ता राहत महसूस कर रहे है। क्षेत्र में पैदा हुआ टमाटर प्रतिवर्ष की भांति प्रदेश और देश की सब्जी मंडियों में पहुंच कर धूम मचा रहा है। लोकल में टमाटर के भाव 5-10 टन किलो तक नीचे आ गए है।

बाड़ी, बरेली तहसीलों के दर्जनों ग्रामों में धान के बाद किसानों द्वारा हजारों एकड़ में टमाटर की खेती की जा रही है। क्षेत्र गर्मी के सीज़न में टमाटर उत्पादन विक्रय का विशेष क्षेत्र बन जाता है। पैदा हुआ उम्दा किस्म का टमाटर प्रतिदिन वाहनों के माध्यम से भोपाल, सागर, ललितपुर, दिल्ली महाराबट की थोक सब्जी मंडियों में प्रतिदिन भेजा जा रहा है। आने वाले दिनों में क्षेत्र में टमाटर और अधिक उत्पादन होने से भाव 5 रू. किलो से भी नीचे आ जाने की स्थिति बन सकती है।

#### हरी सब्जियों के भाव हुए कम

कुछ दिनों पूर्व तक बेगन, भिन्डी, गिलकी, लौकी, टमाटर, फूल गौभी, पत्ता गौभी के भाव 30-40 रू. किलोतक बने हुए थे। क्षेत्र के ग्रामों में सब्जियों का भारी उत्पादन होने से भाव घट कर आधे 10-20 रू किलो पर आ गए है। पालक, हरी धनिया, चुकन्दर, आलू, ककड़ी की भी थोक एवं फुटकर सब्जी मंडी में प्रतिदिन भारी आवक होने से भावों में कमी आ रही है। हरी सब्जियों के भावों में आई कमी के कारण ग्रहणियों को भारी राहत मिल रही है। भोजन की थाली में अब एक नही दो-तीन सब्जियां परोसे जाने की स्थिति बन रही है।

# भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से गत 2 सप्ताह में 80 जरूरतमंदों को निःशुल्क रक्त मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय से संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से 28 फरवरी से 14 मार्च के मध्य 80 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है। विगत 2 जून, 2025 को आरंभ हुए इस सेवा प्रकल्प से अभी तक कुल 701 गरीब जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है।

"भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्प हेल्पलाइन" सागर जिले के बीमारों और जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक बन कर सामने आई है। इस जनोपयोगी प्रकल्प रक्त हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराते हुए मरीजों की जान और पैसा दोनों बचाए जा सके हैं। गत 2 सप्ताह में जिन 80 जरूरतमंदों को इस सेवा से रक्त उपलब्ध हुआ उनमें सागर जिले के क्षेत्रों, बंडा, केसली, गढ़ाकोटा, खुरई, सुरखी, रहली, राहतगढ़ मालथौन, नरयावली, बांदरी, बीना, देवरी, सानौधा, बटियागढ़, जैसीनगर, दलपतपुर के ग्रामों व वार्डों से सागर संभागीय मुख्यालय पर इलाज कराने आए मरीज शामिल हैं। रक्तदान को सेवा प्रकल्प के रूप में अपनाने वाले पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह तथा उनके पुत्र अविराज सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष के मई तथा नवंबर माहों आयोजित हुए दो रक्तदान शिविरों में लगभग 2181 यूनिट रक्तदान हुआ है और पिछले दस सालों में लगभग 17 हजार यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। इस महत्वपूर्ण सेवा कार्य की उपलब्धि को इंडिया बुक आफ रिकार्ड्स संस्था ने रिकार्ड के रूप में दर्ज कर उन्हें इसका प्रमाण पत्र भी पिछले दिनों भेंट किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह स्वयं निःशुल्क रक्त सेवा हेल्पलाइन की सतत मानीटरिंग करते हैं। उन्होंने बताया है कि इस हेल्पलाइन सेंटर का मोबाइल नंबर 9228035418 है, जो चौबीस घंटे चालू रहता है।

## विधायक प्रदीप लारिया पहुंचे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रजाखेड़ी वैक्सीनेशन सेंटर

सागर। विधायक प्रदीप लारिया शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रजाखेड़ी वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे जहां समक्ष में किशोरी बालिकाओं का एचपीवी वैक्सीनेशन किया गया। उन्होंने वैक्सीनेशन सेंटर की प्रक्रिया और वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्थाओं को देखा। यहां पर पिछले चार दिवस से एचपी वैक्सीनेशन का सत्र लगाया जा रहा है और यह मार्च अप्रैल और मई माह तक 3 माह तक यह चलेगा।विधायक प्रदीप लारिया ने सभी अभिभावकों से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में किशोरी बालिकाएं जिनकी उम्र 14 वर्ष पूरी हो गई है और 15 साल 3 महीने की उम्र तक यह टीका निशुल्क लगवाएं।

# दालमिल हनुमान मंदिर में प्रारंभ हुई सात दिवसीय भागवत कथा

### धूमधाम से निकली कलश शोभायात्रा का हुआ स्वागत

#### आदर्श शिव महिला मंडल व अन्य संगठनों के सहयोग से निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



नगर के दालमिल मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ होने से पूर्व मानस सत्संग भवन से कथा स्थल तक कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसका धार्मिक श्रद्धालुओं द्वारा स्थान-स्थान पर स्वागत किया गया।

आदर्श शिव महिला मंडल एवं अन्य संगठनों के सक्रिय सहयोग से निकाली गई।

कलश शोभायात्रा के कथा स्थल पहुंचने के बाद कथा व्यास पं. सुरेन्द्र शास्त्री भोपाल के द्वारा प्रथम दिवस की कथा विधि विधान से पूजन के बाद प्रारंभ की गई। शोभायात्रा में हिउस अध्यक्ष दिनेश बबेले, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, सचिन शान्डिल्य शारदा सराठे, सीएल पटैल सहित धार्मिक श्रद्धाजु महिला-पुरुषों की उपस्थिति रही। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक रखा गया है।

### बारना, घोघरा, तैंदोनी नदियों, नालों में बढ़ रहा भूमि कटाव, भूक्षरण

# बिना अनुमति, बिना रॉयल्टी हो रहा ईंटों का कारोबार

#### क्षेत्र के नदी नालों के किनारे हो रहा ईंटों का निर्माण, लग रहे भट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



कुछ संपन्न लोगों को ईंटों का कारोबार मोटी कमाई का जरिया बन गया है। बिना अनुमति, बिना रायल्टी, नदी, नालों के किनारों पर लाखों ईंटों का निर्माण और उनका नगर एवं क्षेत्र में बैखौफ विक्रय का कारोबार चल रहा है। नदी और नालों के किनारे लाखों की संख्या में एक-एक स्थान पर ईंटों का निर्माण, ईंट भट्टों के कारण निकलने वाला धुआ हवा में घुल कर प्रदूषण बढ़ा रहा है। वहीं नदी, नालों के किनारे की मिट्टी ईंटों के निर्माण में भारी मात्रा में उपयोग किए जाने से भूमि कटाव, भू-क्षरण से आकार बिगड़ता जा रहा है।

नदी, नालों की किनारों वाली भूमियां राजस्व विभाग की होती है। खनिज, राजस्व और पर्यावरण विभाग से अनुमतियां लेना जरूरी होता है।

ईंट भट्टा चालकों द्वारा नियमों की अनदेखी कर मनमाने ठंग से मनमाने स्थानों पर लम्बे समय से एक-एक स्थान कई लाख ईंटों का निर्माण और विक्रय किया जा रहा है। खनिज विभाग को बिना अनुमति ईंट कारोबार से रायल्टी राशि का राजस्व नुकसान सरकारी खजाने को हो रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि क्षेत्र में एक भी चिमनी भट्टा से ईंटो का निर्माण न कर, परंपरागत ठंग से लकड़ी, गोबर के कन्डों, पुराने टायर और कोयला चूरी का उपयोग कर भट्टों में ईंटों को पकाये जाने प्रदूर्षण बढने का कारण बन रहा है।

#### नदियों और नालों का बिगड़ रहा स्वरूप

बाड़ी, बरेली, उदयपुरा तहसीलों के ग्रामीण नालों बारना, घोघरा, तैदोंनी इक्यावन नदियों के किनारों और बड़े नालों के किनारों पर चल रहे विनर अनुमति ईंटों के कारोबार से मिट्टी का भारी मात्रा में उपयोग से उनका प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ता जा रहा है। बारिश के दिनों में नदियों का तेज बहाव वाला पानी साथ में मिट्टी बहा कर ले जाने से जल फैलाव की गंभीर समस्या बनती है।

#### इनका कहना है

क्षेत्र में चल रहे ईंट भट्टों का शीघ्र निरीक्षण किया जाएगा। ईंट भट्टा संचालकों के पास अनुमतियों की जांच की जाएगी। जो भट्टे अवैध पाए जाएगें उनके विरुध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

- **रामजी लाल वर्मा**, तहसीलदार बरेली।

## खबर संक्षेप

### तीन गांवों में बंदरों का आतंक, लोग परेशान



**दीवानगंज।** क्षेत्र के ग्राम दीवानगंज, अंबाडी और मुस्काबाद गांवों में इन दिनों बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। रोज सुबह और शाम बंदरों के झुंड गांव में घुसकर उत्पात मचाते हैं, जिससे ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार बंदर घरों की छतों पर चढ़ जाते हैं और वहां रखे सामान को उठा ले जाते हैं या नुकसान पहुंचाते हैं। कई बार तो बंदरों के डर से लोगों ने घरों की छतों पर जाना तक बंद कर दिया है। महिलाएं और बच्चे खासतौर पर ज्यादा परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बंदरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और उनके झुंड पूरे गांव में घूमते रहते हैं। बंदरों के कारण लोगों को खेतों और घरों के आसपास भी डर बना रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार वन विभाग को शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक बंदरों को पकड़ने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### यूजीसी बिल के समर्थन में निकाली वाहन रैली



**रायसेन।** ओबीसी, एसटी, एससी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले शनिवार को शहर में यूजीसी बिल के समर्थन में दोपहिया वाहन रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व ओबीसी जिलाध्यक्ष विशाल कुशवाहा ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने महामाया चौक से एसडीएम कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए बाइक रैली निकालकर मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और सरकार के निर्णय के प्रति समर्थन जताया रैली में बड़ी संख्या में मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता दोपहिया वाहनों पर सवार होकर शामिल हुए। महामाया चौक से शुरू हुई रैली प्रमुख मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

### कलेक्टर व वैज्ञानिक पहुंच जनकपुर, ग्रामीणों से की चर्चा

# बरेली का 'जनकपुर' बनेगा स्मार्ट विलेज स्वदेशी तकनीक से होगा विकास, ग्रामीणों को बनाएंगे आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶बरेली

अच्छी खबर

भारतीय वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद सीएसआईआर ने 'विकसित भारत 2047' अभियान के अंतर्गत स्मार्ट विलेज परियोजना शुरूआत की है। जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश से रायसेन जिले के ग्राम जनकपुर को मॉडल ग्राम बनाने के लिए चयन किया गया है।

चयनित ग्राम का स्वदेशी तकनीक वैज्ञानिक नवाचारों का उपयोग कर ग्रामीणों की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना लक्ष्य है। जिले के बाड़ी विकासखंड, बरेली तहसील के नगर से लगे घोघरा नदी के किनारे बसे ग्राम जनकपुर का चयन किया गया है। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता, सीएसआईआर के वैज्ञानिक, अधिकारियों के साथ ग्राम जनकपुर पहुंचे जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों से बैठक में चर्चा की गई।



बैठक के दौरान कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने बताया कि सीएस आईआर द्वारा देशभर में 6 ग्रामों का चयन स्मार्ट विलेज परियोजना के अंतर्गत किया गया है। मध्य प्रदेश में एकमात्र रायसेन जिला बरेली तहसील का ग्राम जनकपुर शामिल है। कहा कि इस योजना के तहत चयनित ग्राम का स्वदेशी तकनीक वैज्ञानिक नवाचारों का उपयोग कर ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारना आजीविका बढ़ाने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना लक्ष्य है।

#### नई पहल आत्मनिर्भर ग्राम

बैठक में वैज्ञानिकों ने बताया कि जनकपुर ग्राम में जल प्रबंधन, कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में नई पहल के साथ ग्रामीणों को ऐसी तकनीक उपलब्ध कराई जाएगी जिससे उनकी आय बढ़े और गांव आत्मनिर्भर बन सके कलेक्टर विश्वकर्मा ने अधिकारियों को परियोजना के क्रियान्वयन में गांव के निवासियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचे हित धारकों को नेटवर्क से जोडक़र ग्राम जनकपुर को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जा जाएगा।

#### सब्जी उत्पादन में अग्रणी

तहसील का ग्राम जनकपुर घोघरा नदी के किनारे ग्राम कामतोन के पास स्थित है। नगर से जनकपुर की दूरी वमुश्किल 3 किलोमीटर है, बारिश के दिनों में घोघरा नदी पर पुल न होने से आवागमन की बाधा बनी रहती है, दूसरा मार्ग चेनपुर रोड से खपड़िया खुर्द मार्ग से जुड़ा हुआ है। ग्राम के ग्रामीण किसानों द्वारा गेहूं, चना के साथ मुख्य रूप से हरी सब्जियों की व्यापक स्तर पर खेती कर नगर वासियों को प्रतिदिन ताजी सब्जियां उपलब्ध कराई जाती हैं। स्मार्ट विलेज परियोजना में चयन होने से ग्राम की तस्वीर और ग्रामीणों की तकदीर बदलने की प्रबल संभावना बन गई है।

### पैनिक में बुकिंग कर रहे लोग, गैस एजेंसियों के बाहर लग रही लाइन

# रसोई गैस सिलेंडर के लिए भटक रहे उपभोक्ता, इंडक्शन की बढ़ी डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में इन दिनों रसोई गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस बुकिंग करने के बाद भी समय पर सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो पा रही है।जिससे घर की रसोई का बजट और व्यवस्था दोनों प्रभावित हो रहे हैं। हालात यह हैं कि लोग पैनिक में आकर पहले से ही गैस बुकिंग करा रहे हैं। जिससे एजेंसियों पर भी दबाव बढ़ गया है।

शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस सिलेंडर को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि कभी सर्वर की समस्या तो कभी सप्लाई में देरी के कारण सिलेंडर मिलने में काफी समय लग रहा है। इससे रोजमर्रा की रसोई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

इधर गैस संकट की आशंका के बीच बाजार में इंडक्शन चूल्हों की मांग अचानक बढ़ गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानदार अरविंद ताम्रकार, रामकिशन चक्रवर्ती का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में इंडक्शन और इलेक्ट्रिक कुकटॉप की बिक्री में इजाफा देखने को मिला है। कई लोग एहतियात के तौर पर इन्हें खरीद रहे हैं, ताकि गैस खत्म होने पर खाना बनाने में परेशानी न हो। ऐसी गैस सिलेंडर की किल्लत के चलते लोग देशी चूल्हे को विकल्प के रूप में लेने की तैयारी हैं।



#### गैस सिलेंडर की कमी पर गृहणी की प्रतिक्रियाएं...

रसोई गैस सिलेंडर के लिए परेशान हो रहे हैं। बुकिंग के लिए नंबर नहीं लग रहा है फिलहाल गैस एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं।
- **निधि सोनी**, गृहणी।

घर में सिंगल गैस सिलेंडर है, वह भी खत्म हो गया है। अब सिलेंडर 5 दिन बाद मिलेगा। ऐसी स्थिति में खाना बनाना मुश्किल हो रहा है।
-**पूजा शर्मा**, गृहणी

दो दिन से गैस सिलेंडर के लिए नंबर लगा रहे है, लेकिन सर्वर की परेशानी के कारण नंबर नहीं लग पाया, गैस खत्म होने वाली है।
- **प्रतिभा शुक्ला**, गृहणी

गैस के लिए काफी परेशान हैं। एजेंसी के गोदाम पर सिलेंडर लेने आए हैं अब देखना है सिलेंडर कब तक मिलता है।
**वंदना श्रीवास्तव**,

#### होटल संचालकों ने कहा - विकल्प की तलाश रहे

नगर के होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों ने कहा कि गैस सिलेंडर की कमी तो बनी हुई है, लेकिन अपने प्रतिष्ठान बंद तो नहीं कर सकते है। फिलहाल विकल्प की तलाश कर रहे हैं क्योंकि इससे हमारी और कर्मचारियों की रोजी-रोटी जुड़ी हुई है। फिलहाल एक-दो दिन का सिलेंडरों का स्टॉक है

#### समय पर गैस सिलेंडर मिलना हुआ मुश्किल

उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो उन्हें पुराने समय की तरह मिट्टी के तेल, लकड़ी और कंडों का सहारा लेना पड़ सकता है। शहर के रहवासी संतोष शर्मा एडवोकेट, किशन लाल, रामकिशन विश्वकर्मा, प्रहलाद यादव भादनेर का कहना है कि गैस सिलेंडर अब समय पर मिलना मुश्किल हो गया है। अगर हालात ऐसे ही रहे तो लोगों को मजबूरी में पुराने तरीके अपनाने पड़ेंगे।

वहीं गुलशन जहां, फिरदौश जहां, शबाना बी का कहना है कि हमने पहले ही सिलेंडर बुक कर दिया है, लेकिन डिलीवरी में देर हो रही है। घर में छोटे बच्चे हैं, ऐसे में रसोई का काम प्रभावित हो रहा है।

### ग्राम पंचायत सर्रा में 'दबंगई' का बोलबाला

# शांतिधाम की भूमि पर फैला अवैध कब्जा, जिम्मेदार मौन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

जिले के गैरतगंज जनपद अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सर्रा इन दिनों भ्रष्टाचार और दबंगई के दोहरे जाल में फंसी हुई है। जहां एक ओर ग्रामीणों को अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर शासन की जनहितैषी योजनाओं को भ्रष्टाचार की दीमक चाट रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के दबंगों ने न केवल शांतिधाम (मुक्तिधाम) की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है, बल्कि आम रास्ते को भी बंद कर दिया है। इन पर स्थानीय प्रशासन भी कार्रवाई नहीं करता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि शांतिधाम भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

वहीं सर्रा पंचायत में भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा नमूना प्रधानमंत्री आवास योजना में देखने को मिला है। यहां कई ऐसे मामले सामने आए हैं जहां हितग्राहियों के मकान अभी भी अधूरे पड़े हैं। लेकिन कागजों में खेल करके उनकी सारी किश्तें निकाल ली गई हैं। यही स्थिति खेत तालाब योजना में भी है, जहां हितग्राहियों के साथ सीधे तौर पर धोखाधड़ी की गई है।

#### सरपंच प्रतिनिधि पर 'तानाशाही' के आरोप

ग्रामीणों ने सीधे तौर पर सरपंच प्रतिनिधि मदन धुर्वे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आरोप है कि उनके तानाशाही रवैये और मनमानी के कारण पंचायत का विकास पूरी तरह ठप पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि जो भी विरोध करता है, उसे योजनाओं के लाभ से वंचित करने की धमकी दी जाती है।

#### इनका कहना है

मौका निरीक्षण करवा के नियमानुसार सख्ती से अतिक्रमण हटा कर शांतिधाम अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा
- **नरेश सिंह राजपूत**, तहसीलदार।

# लोक अदालत में 4424 प्रकरणों का हुआ निराकरण, करीब 15 करोड़ राशि जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार को जिले की सभी तहसील न्यायालयों में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया। जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों के शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण के लिए जिले में 26 खंडपीठों का गठन किया। इन खंडपीठों द्वारा न्यायालयों में लंबित 646 प्रकरणों तथा 3,778 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित कुल 4424 मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। इन मामलों में कुल 15,03,88,857 रुपये की समझौता राशि निर्धारित हुई, जिससे 5390 व्यक्तियों को लाभ मिला।



जिला मुख्यालय पर लोक अदालत का शुभारंभ श्रीमती शषि सिंह माननीय विशेष न्यायाधीष एट्रोसिटी अधिनियम रायसेन द्वारा किया। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय अरविंद जैन, तृतीय जिला न्यायाधीश कमलेश कुमार इटावदिया, प्रथम जिला न्यायाधीश सचिन जैन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायसेन श्रीमती हर्षिनी यादव, बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनयकांत चतुर्वेदी अध्यक्ष सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए तीन वाहन

# ट्रक के ब्रेक लगाते ही पीछे चल रहे लोडिंग ऑटो से भिड़ी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

नेशनल हाइवे 146 के अंतर्गत काछी कान्हाखेड़ा के पास शनिवार को सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक ट्रक, टाइल्स से भरा लोडिंग ऑटो और एक कार आपस में टकरा गए। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ऑटो में रखी टाइल्स भी टूट गईं।

जानकारी के अनुसार भोपाल की ओर से विदिशा की तरफ जा रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसके पीछे आ रहा टाइल्स से भरा लोडिंग ऑटो ट्रक से टकरा गया।



वहीं ऑटो के पीछे चल रही कार भी अचानक ब्रेक लगने से ऑटो में पीछे से जा घुसी। कार एक महिला चला रही थी, टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

### बकाया वसूली के लिए राजस्व टीम की कार्रवाई

# कॉलोनियों में चस्पा किए नोटिस एक दुकान पर कराई तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में बकाया राजस्व की वसूली को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। शनिवार दोपहर राजस्व विभाग की टीम शहर की श्रीजी सिटी कॉलोनी और संस्कार विहार कॉलोनी पहुंची। कॉलोनाइजर सिद्धार्थ अग्रवाल से करीब 90 हजार रुपए की राजस्व वसूली की जाना है, बकाया राशि के लिए नोटिस चस्पा किए गए।

जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से कॉलोनाइजरों और बकायादारों में हड़कंप की स्थिति बन गई। राजस्व अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कॉलोनियों की दीवारों पर नोटिस चस्पा करते हुए बकाया राशि जल्द जमा करने के निर्देश दिए।

इन राजस्व अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में बकाया राशि जमा नहीं की गई तो संबंधित बकायादारों की चल-अचल संपत्ति कुर्क कर नीलाम की कार्रवाई की जाएगी।



#### कार्रवाई से बकायादारों में हड़कंप

प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य बकायादारों में भी हलचल देखी जा रही है और कई लोग बकाया राशि जमा कराने के लिए जानकारी लेने राजस्व कार्यालय पहुंच रहे हैं। एसडीएम ने बताया वसूली अभियान आगे भी जारी रहेगा। कॉलोनाइजरों द्वारा अगर भू-भाटक कर राशि जमा नहीं कराई तो उनकी चल अचल संपत्तियां कुर्क कर नीलम कराई जाएगी।

कार्रवाई के दौरान एक दुकान पर भी बकाया राशि को लेकर शॉप की तालाबंदी कराई गई।

राजस्व टीम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार बकाया राजस्व की वसूली के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान एसडीएम मनीष शर्मा, प्रभारी कलेक्टर कुलदीप सिंह पटेल, कस्बा पटवारी सीताराम आदिवासी सहित राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

### संसार की भौतिक वस्तुएं केवल इसी लोक तक सीमित : वेदाचार्य महाराज

# पिपरिया में चल रही शिव महापुराण कथा सुनने पहुंच रहे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अंचल के ग्राम पिपरिया में चंदन सिंह रघुवंशी के निवास पर आयोजित शिव पुराण कथा में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखने को मिल रही है। कथा का वाचन बीकलपुर के वेदाचार्य रामकृपालु महाराज द्वारा किया जा रहा है। कथा के दौरान महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सत्कर्म का महत्व बताते हुए जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया।

कथा के दौरान वेदाचार्य महाराज ने कहा कि मनुष्य इस धरा पर खाली हाथ आता है, लेकिन जब इस संसार से विदा होता है तो उसे अपने साथ दान, धर्म, सेवा और सत्य कर्म लेकर जाना चाहिए। यही पुण्य कर्म मनुष्य के परलोक का आधार बनते हैं। उन्होंने कहा कि संसार की भौतिक वस्तुएं केवल इसी लोक तक सीमित हैं, इसलिए मनुष्य को चाहिए कि वह धन भी धर्मपूर्वक और ईमानदारी से कमाए तथा उसका उपयोग दीन-हीन और जरूरतमंदों की सेवा में करे।



#### भगवान शिव अत्यंत भोले और करुणामय हैं

कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए वेदाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान शिव अत्यंत भोले और करुणामय हैं। वे अपने भक्तों की सच्ची श्रद्धा और भक्ति से शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। इसी कारण उन्हें भोलेनाथ कहा जाता है। उन्होंने बताया कि जब मनुष्य अपने जीवन में भगवान का स्मरण और भक्ति करता है तो उसके दुख-कष्ट धीरे-धीरे समाप्त होने लगते हैं और जीवन में शांति व सुख का अनुभव होता है।

महाराज ने कहा कि दान में कन्यादान का विशेष महत्व माना गया है। समाज में कई परिवार आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं, जिनकी बेटियों के विवाह में कठिनाई आती है। ऐसे परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करना भी बड़ा पुण्य कार्य है।

#### कथा वाचक ने शिव और पार्वती विवाह प्रसंग का किया उल्लेख

महाराज ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी अटूट श्रद्धा, धैर्य और विश्वास से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि यदि मन में सच्ची श्रद्धा और अडिग विश्वास हो तो कठिन से कठिन कार्य भी संभव हो जाते हैं। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति हो रही है और वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद रायसेन (म.प्र.)**

क्र/179 / न.पा./ निर्माण/2025-26, रायसेन, दिनांक 13.03.2026

-: ई-निविदा सूचना :-

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक/ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_ 490556_1 Dt. 13.03.2026 | CONSTRUCTION/STRENGTHENING OF MRF AND COMPOSTING PLANT UNDER SBM 2.0 IN WARD NO 18 AT SBM PLANT SITE RAISEN | 180 Days & 83.87 | 10,000.00 & 62,950.00 | Dt. 30.03.2026 |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्रीमति सविता जमना सेन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रायसेन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायसेन